किया है और हमारे माननीय सदस्या श्री एस.एम. अहलुवालिया जी ने ...(**व्यवधान**)

उपसभाध्यक्ष (श्री सतीश अग्रवाल): इसका विरोध नहीं किया ।

श्रीमती वीणा वर्मा: इसका विरोध नहीं किया । मैं स्वयं आन रिकार्ड कहना चाहती हूं कि उन्होंने यह कहा कि मूल भावना का मैं समर्थन करता हूं लेकिन बिल विदड्रा कर लेना चहिए। यह मेरी समझ में नहीं आया जबकि उन्होंने मूल भावना का समर्थन किया है।

उपसभाध्यक्ष (**श्री सतीश अग्रवाल**) मारग्रेट आल्वाजी ने विदड्रावल की बात आज कहीं है, उन्होंने एडवासं में कह दी ।

श्रीमती वीणा वर्मा : ऐसा ही लगता है । खेर ।

मैं शुक्रगुजार हूं हमारे माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री सिंधियाजी का जिन्होंने यहां पर महिलाओं ने जो मांगा या माननीय सदस्यों ने सदन के द्वारा महिलाओं के लिए जो मांगा उससे ज्यादा उन्होंने आश्रासन दिया । इसके लिए मैं उनकी शुक्रगुजार हूं। हमारी संसदीय मंत्री मारग्रेट आल्वा जी की भी शुक्रगुजार हूं। उन्होंने स्वयं कहा कि यहां पर 17 आश्रासन समिति में पेडिंग हैं और उन पर विचार किया जा रहा है। मैं यह कहना चाहूंगी कि जल्दी से जल्दी उन पर विचार करके कोई कार्यवाही सुनिश्चित की जानी चाहिए तथा मैं फिर यह अपील करूंगी कि जो भी महिलाओं के लिए हम इस सदन के द्वारा मांग करते हैं उन पर बहुत जरूर ध्यान दिया जाए। हमारी सभी मूल भावनांए अच्छी होती हैं। हर कोई इसका समर्थक है कि महिलाओं को आगे आना चाहिए उनको बराबरी का दर्जा देना चहिए । उन पर अत्याचार रूकना चाहिए और उनको सामजिक तथा अर्थिक रूप से सक्षम होना चहिए । उनको सुरक्षा की गारंटी दी जानी चाहिए। लेकिन हमारी मानसिकता अभी कहीं कम रह जाती है। मूल भावना का सब समर्थन करते हैं लेकिन यह भी सहीं है कि राष्ट्रीय महिला नीति पर कई बार चर्चा हो चुकी हैं और एक डाफ्ट प्लान भी बना था और उस कमेटी में मीटिंग भी हुई थी जिसमें कम से कम 50-60 एन. जी . ओज़ ने भाग लिया था ।

उसमें मैं भी उपस्थित थीं। वहां पर भी कंसेसस यही निकल कर आया था कि सरकारी नौकरियों में किसी हद तक आरक्षण दिया जाना चहिए और राष्ट्रीय महिला नीति बहुत जल्दी ही हमारे मानव संसाधन विकास मंत्री जी तय करने जा रहे है, मैं चाहती हूं कि राष्ट्रीय महिला नीति में इस पर विचार किया जाए कि महिलाओं को अपनी

योग्यता , अपनी क्षमता दिखाने के लिए सरकारी नौकरियों में कम से कम 30 प्रतिशत का आरक्षण अवश्य देने की नीति पर नीतिगत विचार किया जाए और नीति में आए। मैं आन रेकार्ड बताना चाहती हूं उपसभाध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से कि मैंने इसी आशय का एक पत्र मैंने प्रधानमंत्री जी को भी लिखा हैं जिसमें हमारे माननीय राज्य सभा और लोक सभा के 50 सांसदों के हस्ताक्षर हैं इसके समर्थन में तो उस पर भी विचार किया जाए । मैं यहां मानव संसाधन विकास मंत्रालय से पेंशन व कार्मिक मंत्रालय से भी अपील करूंगी और इसकी भी मैं शुकगुजार हूं कि मूल भावना का आदर इस सदन में महिलाओं के लिए किया जाता है।

अतः इन सब आश्रासनों के बावजूद कि हम महिलाओं को हर तरह से आरक्षण , सुरक्षा व स्ट्रेटस देने की कोशिश में हैंऔर जल्दी किया जाए एक आश्रासन अवश्य मैं लेना चाहूंगी इस सदन के द्वारा महिलाओं के लिए जो भी महिलाओं का कार्य हो उस पर कार्यवाही हो, चाहे वह कानूनी हो या सामजिक सुरक्षा हो या आर्थिक सुरक्षा हो, उसके आश्रासन के चलते मैं अपना बिल वापस लेना चाहती हूं। मुझे परमिशन दी जाए ।

THE INDECENT REPRESENTATION OF WOMEN (PROHIBITION) AMENDMENT BILL, 1995

कुमारी सरोज खापर्डे (**महाराष्ट्र**): महोदय , मैं प्रस्ताव करती हूं कि:

"स्त्री अशिष्ट रूपण (प्रतिषेध) अधिनियम, 1986 का और संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किए जाए"

मान्यवर, हमारे देश में एक समय ऐसा था जब कहा जाता था कि,

"यत्र नारीस्तु पूजयन्ते रमयन्ते तत्र देवता"

यानी जहां नारी की पूजा की जाती है वहां देवता निवास करते हैं। यानी नारी का इतना आदर था कि देवों के समकक्ष माना जाता था । वह माता, बहन एंव अर्द्धगिनी के रूप में आदरणीय थी। आज भी भारतीय नारी हमारे समाज की आधारशिला समझी जाती है। उसी से धर्म,सभ्यता, संस्कृति, परंपराएं तथा भविष्य टिके हुए हमें नजर आते हैं। समाज का सौंदर्य, समृद्धि और शौष्ठव उसी के कारण स्थिर भी हैं। अतः भारतीय समाज

में नारी का स्थान आज भी पावन समझा जाता है। परन्तु गुणमयी सृष्टि में अवगुणों की कोई कमी नहीं है। फूलो के साथ कांटे भी होते हैं, कीड़े भी होते हैं। अतः जहां एक ओर नारी का पावना स्थान हैं। उसे भोग की वस्तु बना डाला है तथा गृह लक्ष्मी से कोठे की वेश्या भी बना डाला है। महोदय, यदि स्थिति केवल बनाने या बिगाड़ने तक ही सीमिति रहती तो एक बात थी, लेकिन आज उस का भरपूर प्रचार किया जा रहा है। नारी को एक भोग की वस्तु के रूप में प्रचारित और प्रस्तुत किया जा रहा है। आप अधिकतर पत्र-पत्रिकाएं उठाकर देखिए, उन में नारी की कामुक तथा उत्तेजकर, नम्र एवं अर्ध-नग्र चित्रों के विस्तृत रूप दिखाए जाते हैं । इन में कुछ पत्रिकाएं तो मात्र नारी देह को चित्रित कर अपना भरपूर कारोबार बनाए हुए हैं। ऐसी पत्रिकाओं का बाजार भी बहुत विस्तृत और बड़ा हैं क्योंकि लोग अपनी काम-पिपासा को शांत करने के लिए इन पत्रिकाओं को अधिक-से –अधिक दाम देकर खरीदते हैं। इन ग्राहको में बूढ़े , वयस्क तथा छोटी उम्र के छात्र-छात्राएं भी नजर आते हैं जोकि इन पत्रिकाओं के भड़काऊ चित्रों को देखकर तथा उस में वार्णित अश्लील बातों को पढ़कर अपना भविष्य चौफ्ट करते हैं। इन पत्रिकाओं के प्रकाशक वास्तव में सोना बटोर रहे हैं। साथ ही इन पत्रिकाओं के लिए भड़काऊ चित्र एकत्र कर जधन्य अपराघ भी किए जा रहे हैं । मान्यवर कुछ मामलों में भोली-भाली स्त्रियों तथा लड़कियों को बहुला-फुसलाकर , उन्हें फिल्मों में हीरोइन बनाने का झांसा देकर तथा अनेक मामलों में नशें की दवा देकर इन नग्र चित्र खीचें जाते हैं और बाद में उन चित्रो मे माध्यम से उन्हें ब्लैकमैल भी किया जाता है। यह चक्र चलता रहता है। अभी हाल ही में ऐसे अनेक मामले प्रकाश मे आए हैं, परंतु पैसों की चकाचौंध सब कुछ समाप्त कर देती है। महोदय, वैसे तो इन अश्लील पत्रिकाओं और सहित्य को कानून नहीं बेचा जा सकता तथा न ही इन को प्रकाशित किया जा सकता है, परंतु समाज को यह कोढ़ पैसे के बल पर निर्विन्ध पलता है और ऐसा अश्लील साहित्य गली-गली व कूचे –कूचे उपलब्ध है। महोदय, दिखावे केलिए हम कभी –कभी छापे भी मारते हैं, परंतु कोई नतीजा नहीं निकलता हैं। मान्यवर, जहां इस के लिए एक ओर अश्लील सहित्य के प्रकाशक दोषी है, वहीं दूसरी ओर कुछ महिलाएं भी कम दोषी नहीं है। अधिक-से-अधिक पैसा कमाने की अंधी दौड़ में शामिल होने तथा शारीरिक सुख के लिए कुछ आधुनिक नरियों ने नग्रता का चोला पहन लिया है तथा वह वेहिचक शरीर का प्रदर्शन करने लगी हैं। कुछ फिल्मी तारिकाएं तो अपने नग्र चित्र फिल्मी पत्रिकाओं के मूलपृष्ठ पर भी छपवा रही हैं।

यनि नग्रता की होड़ लगी हुई है और कानून की धज्जियां हमारी आंखो के सामने उड़ाई जा रही है। आधुनिकता के नाम पर समाज में जहर फैलाया ज रहा है। नग्रता की दौड़ में शमिल लोगों का तरीका यह है कि वह अपने शरीर को जैसे मर्जी रखें । यह उनका व्यक्तिगत मामला है। परन्तु, मान्यवार, व्यक्तिगत मामला अपने तक, अपने घर तक रखा जाना चाहिए और जब वह सार्वजानिक हो जाए तो व्यक्तिगत कहां रहता है। वह तो एक सामजिक बुराई बन जाता है।

मान्यवर, कुछ अपवादों में नारी मजबूरन नग्रता अपनाने को विवश होगी है, परन्तु ऐसी बात नहीं है कि मुसीबत का मुकाबला या मुसीबत का सामना करने के लिए शरीर का सार्वजनिक प्रदर्शन करे, समाज में जहर फैलाकर किया जाए । अतः मेरा इस विधेयक के द्वारा यह प्रस्ताव है कि ऐसी नरियों के विरूद्ध भी कठोर कार्यवाही होनी आवश्यक है। और होनी भी चाहिए जो नग्रता का जहंर समाज में फैला रही है। इसके साथ ही ऐसे लोगों को भी नही बख्शा जाना चाहिए जो नरियों के भड़काऊ चित्र खींचते हैं। मैंने ऐसा प्रस्ताव अपने इस निजी विधेयक में रखा हुआ है।

मान्यवर नारी देह को चित्रित कर नारी का सम्मान कम करने के लिए हमारे सिनेमा, टेलीविजन सीरियल आदि भी कुछ कम नहीं है। आज नग्रता, मारधाड़ हिंसा, द्विअर्थी संवाद, बलात्कार एक फिल्म की सफलता के लिए आवश्यक समझे जाते हैं। इससे भारतीय नारी की गरिमा को आधात पहुंचता है। हालांकि साफ-सुथरी फिल्म अधिक सफल होती है, परन्तु नग्रता दिखाने के लिए बनी मानसिकता का क्या करें। हमारें सेंसरबोर्ड की भी अपनी लिमिटेशन हैं और वह आंख मूंदकर उनको पास कर देता है। इस तरह वह भी समाज को दूषित करने में अपनी भूमिका निभाता है?

महोदय, आज टेलीविजन घर घर में हैं । इनमें दिखाए जाने वाले सीरियलों , विज्ञापनों में नारी का जो चित्रण होता है वह परिवार के साथ बैठकर देखने लायक नहीं होता। केवल टी.बी आने के बाद तो स्थिति और भी कुछ भयानक और चिंताजनक हो गई है। नग्रता आदि सीमा लांघ चुकी है। कुछ चैनल तो ब्ल्यू फिल्मों का प्रसारण भी घड़ल्ले से कर रहे हैं। इन सभी चैनलों में नारी जिस रूप में पेश की जाती है?

है, नारी को जिस रूप में दिखाया जाता है उससे हमारा सिर वाकई शर्म से झुक जाता हैं और उस समय यह लगता है कि हम भारतीय नहीं रहे हैं।

महोदय, हमें यह मानना होगा कि पिछले कुछ वर्षो में हमारे समाज की मान्यताओं , मूल्यों, विविध आवश्यकताओं समस्याओं और विचारधाराओं में उल्लेखनीय परिवर्तन हुए हैं, परन्तु टी.बी. के माध्यम से जो नारी का नंगापन हमे परोसा जा रहा है, उसको पचा पाना अत्यन्त दुष्कर हैं।

महोदय, अब मैं सदन का ध्यान अश्लील पोस्टरों की ओर आकर्षित करना चाहूंगी । आप देश के किसी कोने में चले जाइए. खासकर शहरों मे, आप जगह जगह पर भड़काऊ पोस्टर देखेंगे . जिनमें नारी के भड़काऊ चित्रों के साथ अश्लील नाम भी होंगे, जैसे जवानी, प्यासी जवानी, आदि आदि। ऐसे पोस्टर दीवालों में, बड़े बड़े होर्डिगों मे लगाए जाते हैं, जिनसे न केवल लोगों की वासना भड़काती है बल्कि अनेक बार सड़कों पर भंयकर दुर्घटनाएं इसके कारण घटती भी हैं। अभी कुछ वर्षो पूर्व दिल्ली में स्कूली छात्रों ने ऐसे पोस्टरों पर काला पेटं फेरकर अपना विरोध जताया था, परन्तु नतीजा "वही ढाक के तीन पात" , ऐसे पोस्टर आज भी गलियों में लगते हैं तथा नारी को भोग की वस्तु केरूप में चित्रित कतरे हैं। महोदय स्त्री के अशिष्ट रूपण से यदि केवल मानसिकता रूग्ण होती तो एक बात होती, परन्तु इसके भंयकर परिणाम आज समाज में दिखाई दे रहें हैं। ये अश्लील, पत्रिकाएं , फिल्में, सीरियल्स , पोस्टर्स , गाने संवाद हमारे युवा मानस को विकृत कर रहे हैं जिसके परिणामस्वरूप देश में स्त्रियों और लड़कियों के साथ छेड़-छाड़ अपहरण , बलात्कार और ऐसे जघन्य अपराध "सरसा" के मुहं के समान बढ़ते जा रहे हैं तथा समाज को विपाक्त कर रहे हैं जिससे आज आम नारी अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रही है। आज मासूम बच्चियों तक को अपनी काम- पिपासा का शिकार बनाया जा रहा है। कुछ मामलों मे तो वे अपने घर तक में आज अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रही हैं। आज वे घर से कोठे तक ही नहीं, बल्कि तंदूर तक पहुंचाई जा रही हैं।

महोदय, 80 के दशक में कुछ ऐसी ही स्थिति देश मे थी , जिसको रोकने के लिए आदरणीय राजीव गांधी जी ने अशिष्ट स्त्री रूपण (प्रतिषेघ) अधिनियम , 1986 बनवाया था तथा नारी जाति को बदनामी से उभारने हेतु प्रयास किया था । आज 9 वर्षो के बाद हम देखते हैं कि उक्त अधिनियम में कुछ कमियां थी, जिन्हें मैं अपने इस विधेयक द्वारा पूर्ण करने का प्रयास कर रही हूं ओर मेरा प्रयास कहां तक सफल होगा इसका निर्णय तो इस महान सदन के सदस्य ही करेंगे ।

अंत में, महोदय, मैं कहना चाहूंगी कि नारी शरीर का प्रचार कर पैसा कमाने तथा समाज के चरित्र को डुबोने वाले तत्वों को सख्ती से कुचलना अत्यंत आवश्यक है,अन्यथा हमारा देश रसातल में चला जाएगा । यही मेरा इस विधेयक को प्रस्तुत करने का एकमात्र उद्देश्य है। अतः मैं इस विधेयक को सदन के समक्ष विचार के लिए रखती हूं और सदन में इस विषय पर मेरे अन्य साथियों द्वारा अपने विचारों को रखने के बाद अपने उत्तर में मुझे जो कुछ कहना होगा,इसके अलावा , मैं अपने उत्तर में उन विचारों को प्रस्तुत करना चाहूंगी । इन्हीं शब्दों के साथ बहुत –बहुत धन्यवाद ।

The question was proposed.

उपाध्यक्ष (श्री सतीश अग्रवाल) : आपका भी बहुत – बहुत धन्यवाद सरोज जी, बहुत अच्छा प्रस्तुतीकरण किया आपने अपने विषय का ।

श्री संघ प्रिय गौतम (उत्तर प्रदेश): उपसभाध्यक्ष जी, आदरणीया सरोज खापर्डे जी ने अपने विधेयक के उद्देश्यों में उन सभी भावनाओं को सत्रिहित किया ,जिनका उल्लेख उन्होंने अपने भाषण में किया, लेकिन उनके विधेयक में कई कमियां रह गई हैं और वास्तव में जिस भावना से उन्होंने विधेयक को प्रस्तुत किया हैं और अपना वक्तव्य दिया है, अगर वे बहुत गंभीर हैं तो उन्हें उन कमियों की ओर गंभीरता से देखना होगा। इससे पहले कि मैं इस विषय पर चर्चा करूं , मैं कुछ संशोधन प्रस्तुत कर रहा हूं।

एक तो , जहां उन्होंने सेक्शन -3 ए में यह कहा है कि:

> "No person shall publish or cause to be published any book, magazine, periodica] or poster containing nude, semi-nude and vulgar photographs of woman of any age or postures of any woman which are indecent and vulgar, and postures of a woman in the company of a man in indecent manner which may corrupt or injure public morality or morals."

इसमें मैं इतना जोड़ना चाहता हूं कि करप्ट से पहले:

> "which may excite the feelings of males".

SHRI VAYALAR RAVI: What is the amendment?

SHRI SANGH PRIYA GAUTAM: I have mentioned the amendment:

"excite the feelings of males".

It will read:

"...which may excite the feelings of males, corrupt or injure public morality or morals."

तो इसमें यह संशोधन कर दिया जाए और बाकी ज्यों का त्यों रहने दिया जाए।

SHRI VAYALAR RAVI: Why do you limit it to females? Why not both the sexes?

SHRI SANGH PRIYA GAUTAM: No, because it relates to women.

सैक्शन -3बी में जो आपने लिखा है इसको आप सैक्शन -3बी 1 रखें और इसमें पैरा -2 और 3 और जोड़े , जो उसी और 3बी के बीच में हो।

सेकेंड पैरा हो:

"No woman shall perform any act, gesture or demonstration of body in films, dramas or dances which may excite the feelings of males."

चूंकि आपने अपने भाषण में इन बातों का उल्लेख किया है। तीसरे, इसके साथ ही:

"No such songs shall be made or sung which attract the attention of the males towards excitement."

अभी एक कमेटी में मैं बम्बई गया था । वहां मैंने एक गाना सुना:

मै आइसक्रीम खा रही थी, नयना लड़ा रही थी, लड़का पटा रही थी, तेरे मिरची लगी तो मैं क्या करूं।"

क्या यह वल्गर नहीं है? क्या यह इनडिसेंट सांग नहीं है? तो इसलिए इसमें यह भी जोड़ा जाना चाहिए कि न तो कोई इस तरह का गाना बनाया जाएगा और न कोई इस तरह का गाना गाया जाएगा। तो यह मैं तीन संशोधन प्रस्तुत कर रहा हूं। फिर मैं अपनी चर्चा प्रारम्भ करता हूं।

उपसभाध्यक्ष (श्री सतीश अग्रवाल) : पर ऐसे गानों को तो सेंसर बोर्ड भी बंद कर सकता है।

श्री संघ प्रिय गौतम : मैं कहता हूं सेंसर बोर्ड तो इनके हाथ में हैं। तो यह शिकायत किससे कर रहे हैं?

उपसभाध्यक्ष(श्री सतीश अग्रवाल): नहीं, इनके और उनका सवाल नहीं है।

श्री संघ प्रिय गौतम: सताते भी हैं मुसावातिर और
रोने भी नहीं देते,
यही बस इनकी मंशा है कि
मैं इस घुट- घुट कर मर जाऊं
।"

टेलविविजन इनका, सेंसर बोर्ड इनका। हमारी सरकार आएगी तो देखेंगे एक भी बना जाए कोई । (व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से कुमारी सरोज खापडें जी के विधेयक का समर्थन कर रहा हूं । लेकिन मैं आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं । कुछ विरोधभाषी बातें महिलाओं के बारे में हमारे देश में अनादिकाल से रही हैं। यद्यपि भारत संस्कृतिक दृष्टि से इस संसार का बहुत प्राचीन देश है और संस्कृति में महिलाओं का सम्मान भी संस्कृति का एक अग रहा है। हमारे यहां महिलाओ की पूजा आज भी होती है। बगैर महिला संगीत के शादी पूरी नहीं होती । कितना ही बड़ा कार्यक्रम हो, नेता प्रधानमंत्री जाएं, बगैर आरती के कार्यक्रम प्रारम्भ नहीं होता। स्वागत भी महिलाओं के बगैर अधूरा रहता है। महिलाओं के लिए रेलवे में आरक्षित बोगी है। महिलाओं के लिए बस में आरक्षित सीटें हैं ओर महिलाओं के लिए हम ने पंचायतों में और स्थानीय निकायों मे आरक्षण दिया है। महिलाओं का सम्मान हम बहुत करते चले आए हैं। लेकिन महिलाओं का यह जो अश्लील रूपण है, यह भी हम करते आए हैं। मैं आपको दो उदाहरण दे रहा हूं । उड़ीसा में एक मंदिर है- कोर्णाक मंदिर । वहां भारत के सब लोग जाते हें। हमारे भी हाइनैक होकर खजुराहो गए थे । इनके अंदर जो मूर्तिया बनी हुई है, क्या देखी हैं आप लोगों ने? इसमें जो मूर्तियां बनी हुई है क्या देखी हैं आप लोगों ने? क्या ये न्रम मूर्तिया नहीं है? क्या यह अश्लील रूपण नहीं है- आप अगर इसको देखिए , तो वे विरोधभासी विचार हमारे देश में रहें हैं। सरदारजी ,हम मूल बात कहते हैं। कई बार हमने आपसे कहा है। बनावटी नहीं कहते हैं और यह सत्य है।

श्री एस.एस. अहलुवलिया: आपने कोणार्क मन्दिर का सवाल उठाया । कोणार्क मन्दिर आप जरा ध्यान से देखें यह सूर्य का मन्दिर है और जो चीजें आप देखकर

आप हैं, आप अपने दिमाग को पाल्यूट करके मत देखें दिमाग को खोलकर वहां जाइए। वह हमारी संस्कृति और सभ्यता को पूरी तरह दर्शाता है। इसको भी जरा देखिए।

श्री संघ प्रिय गौतमः दिमाग बाद में काम करता है सरदारजी पहले आंखे देखती है हर चीज को...(**व्यवधान**) आपने भी उस दिन कहा था जो चीज आंखे को अच्छी न लगे वह दिमाग को भी अच्छी नहीं लगेगी। फिर इसके अलावा मैं अपने विचार रख रहा हूं। आपकी जब बात आए तब आप अपने रखिएगा। मैं अपने विचार रख रहा हूं। ये मेरे विचार है क्योंकि वहां मूर्तिया हैं। खुजराहों में क्या है, यह भी देखिए। आखिर यह बात क्यों हैं। इसके अलावा हमारे ग्रंथों में महिलाओं की आज यह हालत क्यों हुई। अब बहपत्नी विवाह की प्रश्न हमारे यहां हैं...(**व्यवधान**)

श्री एस .एस.अहलुवालिया : इसलिए हुई कि द्रोपदी की चीरहरण हुआ ...(**व्यवधान**)

श्री संघ प्रिय गौतम: आपका जब होगा तब कहिएगा। आपका यह पंखड है जिसको आप कर रहें हैं। जब आपका टर्न होगा तब कहिएगा। मैं कहता हूं कि द्रोपदी का चीरहरण नहीं होता। आपने सवाल कह दिया है तो मैं बता रहा हूं। भीष्म पितामह जो सर्वशक्तिमान थे और पाण्डवों तथा कौरवों दोनों का नियंत्रित करते थे, अगर वे अपनी आंखों से न देखते रहते ओर दोनों के गाल पर तमाचे मारते द्रोपदी का चीरहरण नहीं होता। यह भी मै बताता हूं आपको। जब कोई भी महान व्यक्ति किसी कुकृत्य को अपनी आंखो से देखता है, बर्दाश्त करता है तब कुकृत्य होता है भीष्म पितामह इतने शक्तिशाली थे कि वे रोक सकते थे उसको। यह मेरा इंटरप्रेटेशन है। यह मेरा अपना अनुवाद है। आपने जो बीच में कहा। आप जो भी बात कहेंगे मैं उसका जवाब दूंगा।

उपसभाध्यक्ष (श्री सतीश अग्रवाल) : आपने तो अमेंडमेंट सीक किया था कि एक्साइटमेंट नहीं होना चाहिए। तो आप क्यों एक्साइट हो रहे हैं। आप अपनी बात कहिए।

श्री संघ प्रिय गौतम : उपसभाध्यक्ष जी, आपने याद दिलाया। बहुत बहुत धन्यवाद।

अब मैं यह कहना चाहता हूं कि महिलाओं का यह जो अश्लील रूपण होता है उससे वास्तव में अपराध बढ़ रहे हैं – जिनका उल्लेख आपने अपने उद्देश्यों में किया हैं। मैं आज यह देख रहा हूं। अखबार पढ़ता हूं। रोजाना अप भी पढ़ाते हैं। सगे चाचा, ताऊ , मामा , फूफा का लड़का अपनी चचेरी , तेजरी , ममेरी नाबालिंग बहिन के साथ बलात्कार करके हत्या कर देता है उसकी। आज ही यह अखबार में आया है। आखिर क्यों हो रहा है। फादर डाटर के साथ , भाई बहिन के साथ, अंकल नीस के साथ चाचा, मामा, ताऊ भतीजी के साथ बलात्कार करके हत्या कर रहे हैं। पहले से ही शराब ने, नशे ने ये तमाम अपराध बढ़ा रखे हैं। यह जो नग्र प्रर्दशन है यह ओर आग में घी छिड़कने का काम करता है। सरोज जी ने ठीक ही कहा है कि यह जो नग्र शरीर का डिमांस्ट्रेशन है, प्रदर्शन है, यह बंद करना चाहिए। इस पर रोक लगनी चहिए । उपसभाध्यक्ष जी, अकेले यही नहीं, सरोज जी ने अभी ध्यान दिलाया कि आज जा वेषभूषा है वह भी थोड़ी कम हो गयी है। सरोज जी ने इसका उल्लेख दूसरी तरह से इनडाइरेक्ट किया। आज बहुत सी महिलाएं आधे बाजू का ब्लाऊज पहिनती हैं- स्वयं आपका ब्लाऊज आधा है और यहां से आधा खोलकर पहिनती है। क्या डिमांस्ट्रेशन नहीं है। तो वेषभूषा पर भी रोक लगानी चहिए। आप जिन्हें पिछड़ा समाज कहते है, दलित समाज कहते हैं अनुसूचित जतियां कहते हैं गांवों में अगर आप जाएं जिन्हें किसान मजदूर कहते हैं उनकी माताएं , बहिनें यहां तक की कमीज पहिनती है और बदं गले की कमीज पहिनती है, यहां तक 15-20 गज का लंहगा पहिनती हैं और चदूदर औढ़ती है। अपने शरीर का कोई अंग देखने नहीं देतीं।

एक बार तो अकबर ने बीरबल से कहा, बीरबल बहुत सुन्दर थे , उन्होंने कहा कि हम तुम्हारी माता को देखना चाहते हैं। बीरवल की मां काले रंग की थी और उसके दांत निकले हुए थे। वह बदसूरत थी। बीरबल समझ गए थे कि अकबर की नीयत क्या है। उन्होंने यह समझा कि मैं बहुत सुन्दर हूं, मेरी मां बहुत सुन्दर होबी। बीरबल ने अपनी मां से जा कर रहा कि बादशाह तुमको देखना चाहते हैं। बादशाह जब देखने आए तो बीरबल की मां घूंघट काढ कर , यहां तक की कमीज पहन कर , मौजे दस्ताने पहनकर बैठ गई और अकबर ने कहा कि हम आपकी शक्ल और आपका बदन देखना चाहते है। सरोज जी, मेरी मेरी तरफ देखिए, में डिमांस्ट्रेशन कर रहा हूं बीरबल की मां ने इतना हिस्सा यहां से उठाया और उसने कहा, अकबर मेरी शक्ल क्या देखते हो, मेरी कोख देखों जिसने बीरबल जैसा लाल पैदा किया है। आज भारत की संस्कृति उन बहन , बेटी और माताओं के घरों मे छिपी हुई है जो पिछड़ी जातियां , दलित जातियां , अशिक्षित दूर- दराज देश के अन्दर रहती है। लेकिन हमारे तथाकथित इस अगुआ समाज की फरर्वड क्लास की, पढ़े – लिखे समाज की, व्यूरोक्रेटिक समाज की ओर

यह जो हमारा संसदीय और विधान मंडल दलों से संबंधित समाज है आज इसकी लड़कियां , बहन-बेटियों स्कर्ट पहनती है, ब्लाउज स्वीवलैंस जिसे बोलते हैं, वह पहनती हैं।यहां से कुछ नही होता । सिनेमाओं में क्या हैं इस पर रोक लगनी चाहिए। वेशभूषा जिसका उल्लेख आपको इसमें करना चहिए कि वेशभूषा ऐसी नहीं पहनी जाएगी जिससे बदन का कोई अंग दिखाई दें, ऐसे सिनेमाओं पर रोक लगाई जाएगी।

मैंने पिक्चर देखी नहीं और मैं देखता भी नहीं हूं, लेकिन मैंने सूना है कि"हम आपके है कौन" एक फिल्म हैं। वह फिल्म जिस पिक्चर हाल में लगी है आज तक उतरी नहीं है। उसमें बताते हैं कि कोई वलगर डिमांस्ट्रेशन नहीं है, कोई अश्लील गाना नहीं है। तो जब"हम आपके हैं कौन" सारे देश के लोग, हिन्दू, मुसलमान, शिक्षित-अशिक्षित , एम.एल.ए. एम.पी. ब्यूरोक्रेट जब इस इस फिल्म को देख सकते हैं लगातर सालों तक और जब इस देश के लोग और पाकिस्तान के लोग रामायण के सीरियल को देख सकते हैं ट्रेन रोक करके और दफ्तर जाने से रूक करके, जिसमें कोई अश्लील गाना नहीं है, तो मेरी समझ में नहीं आता कि इस देश में अगर ऐसी फिल्में बनाई जाएं जिनमे अश्लील हरकतों का प्रदर्शन न हो तो वे क्यों नही चलेगी ? लोग उन्हें क्यों नहीं देखेंगे? मैं उदाहरण दे रहा हूं इसलिए इस पर रोक लगानी चाहिए।

जहां तक आपने इसमें सजा की बात कहीं हैं कि बढ़ाई जाए वहां आपने इसमें संशोधन नहीं पेश किया कि कॉग्रीजेबल आफेंस तो है लेकिन यह वेलेबल है, जबकि नॉन-वेलेवल होना चहिए । गैर जमानती होना चाहिए । जो इसका उल्लघंन करेगा इसमें एक यह भी संशोधन होना चाहिए कि जो उल्लघंन करेगा उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट हो। यह दफा गैर जमानती हो। आज ये ऐसी फिल्में क्यों बनाई जाएं । हम जानते हैं बहुत से ऐसे गानें जिनको हम लोग सब पंसद करते हैं और धार्मिक से मेरा कोई मतलब नहीं है, सामजिक गाने है ओर जिनको सारा समाज पसंद करता है ऐसे गाने हो सकते हैं तो ये बलगर गानें क्यों एलाउ किए जाएं । इन पर भी रोक लगानी चाहिए । कोई गाना ऐसा नहीं बनेगा जैसा मैंने इसका उल्लेख किया पहले एक बहुत चर्चित हुआ कि "चोली के पीछे क्या हैं" और उसका बड़ा हो-हल्ला मचा और आज इस मिर्ची का भी बड़ा हल्ला मच रहा है। बहुत दिनों पहले सन् 1945 में एक फिल्म "रत्र" आई थी । मैं उस समय

^ हाई स्कूल का विद्यार्थी था । उस समय मैं उस फिल्म को देखने गया तो उसमें एक गाना था कि,

"रूठे आए झाड़ू मुझसे, रूठ गई टोकरिया,
और कोई बहाना करके आजा भंगन की
छोकरिया।
मैं मर गया भंगन की छोकरिया।"

इसके खिलाफ सारे देश के स्वीपर्स ने आंदोलन कर दिया और वह फिल्म बदं हुई, गाना निकाला गया इसलिए मैं कहता हूं कि महिलाओं को आंदोलन करना चहिए, आप जैसी महिलाओं को और हम आपके साथ रहेंगे । अगर इस तरह का कोई वलगर नागा बनेगा तो वह फिल्म नहीं चलने दी जाएगी। हमारे इन महिला संगठनों का क्या काम है? जब कोई महिला जलाकर डाल दी जाए तब महिलाएं डिमांस्ट्रेट करें? पहले ही क्यों नहीं प्रर्दशन होता है। महिलाओं के संगठनों को प्रदर्शन करना चहिए ऐसी वेशभूषा के खिलाफ, ऐसे गानों के खिलाफ, ऐसी फिल्मों के खिलाफ और अंग प्रर्दशनों के खिलाफ । इन पर रोक लगायी जानी चहिए ।

मान्यवर, आज हम सब लोग इस समस्या से पीड़ित हैं और कोई बचा नहीं है। हम लोग

गहराई से सोचें तो किसी-न-किसी रूप से हम भी प्रभवित होते हैं। हमारे यहां नहीं तो हमारे दूर के रिश्तेदारों के घरों में इस तरह की घटनांए घटती हैं। इसलिए यह हम सभी की जिम्मेदारी है। मान्यवर, आज अपराध तो चौतरफा बढ़े हैं, लेकिन महिलाओं के प्रति अधिक बढ़े हैं और दुख की बात यह है कि नाबालिग बहू-बेटियों के साथ अपराध बढ़ हैं । इस तरह आज बहुत मुश्किल हो गयी है और यह जो अपराध है, यह गंभीर अपराध है, इसलिए इसे नॉन-वेलेबल बनाया जाना चहिए । मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि आजकल सभी राजनीतिक नेता और दल एक स्वर में कहते हैं कि कैपिटल पनिशमेंट खत्म होना चहिए और आवाज लगाते हैं कि ह्यूमन राइट्स का उल्लघंन हो रहा है। तो किन की पिटाई-कुटाई हो अपराध करने पर उन के लिए तो ह्यूमन रांइट्स का उल्लघंन हो रहा है और जिस की जान गयी है, इज्जत गयी है, क्या उस के लिए है, क्या उस के लिए ह्यूमन राइटस का उल्लंघन नहीं हो रहा है? इसे समझना चाहिए हम लोग डिस्क्रिमिनेट करते हैं। यह नहीं समझते कि उस का भी ह्यूमन राइट हैं जिस के साथ अनाचार हुआ है, दुराचार हुआ है, जिस की जान गयी है, इज्जत गयी है। चाहे वह व्यक्ति हो

या व्यक्तियों का समूह हो, उस के भी मानव अधिकार का हनन हुआ है। इसलिए ऐसे मामलों में मानव अधिकार के उल्लंघन का प्रश्न नहीं उठाया जाना चाहिए। चाहे वह व्यक्ति किसी भी दल का हो क्योंकि ऐसे मामलों मे हम मानव अधिकार के उल्लंघन की बात उठाकर उस को कमजोर करते हैं। इस से अपरधियों को अपराध करने में बढ़ावा मिलता है। मान्यवर, एक बात और कहना चाहूंगा । आज से 50 वर्ष पहले हमारे क्षेत्र में , ब्रिटिश रिजीम में एक कत्ल हो गया तो चारों तरफ से गांव को घेर लिया गया और अपराधी जिस ने अपराध किया, उसे हथकड़ी डाली , नंगा किया, बनियान-अंडरवियर में गांव में घुमाया और थाने तक ले गए । यह ब्रिटिश रिजीम में होता था, फिर चाहे कितना बड़ा व्यक्ति हो, लेकिन आज थर्ड रेट मैथड इस्तेमाल नहीं होगे ।

मान्यवर एक और उदाहरण दूंगा हमारे उत्तर प्रदेश के बहुत जिम्मेदार और बड़े मशहूर नेता हुए हैं मेरठ के, श्री कैलाश प्रकाश। वे मिनिस्टर भी रहे ओर जनता पार्टी के जमाने में सन् 77 में लोकसभा के सदस्य भी रहे हैं। उन्हें ट्रेक्टर के लिए पेमेंट करना था , इसलिए 90 हजार रूपए बैंक से निकल कर लाए। यह पैसा उन के भाई ले आए और वह चोरी हो गयी । जब देखा कि पैसा चोरी हो गया और नहीं मिला तो परेशान हुए और थाने में रिपोर्ट लिखाई, लेकिन उस में किसी का काम नहीं लिखवाया। यह टी.एन. मिश्र, एस.एस.पी. से मेरी व्यक्तिगत बात हुई है ओर यह मेरी व्यक्तिगत जानकारी में हैं, इसलिए उदाहरण दे रहा हूं। तो 3-4 दिन कोई फकड़ा नहीं गया । फिर कैलाश प्रकाश जी उन के पास गए । एस.एस.पी. से उन्होंने कहा कि आप ने अभी तक किसी भी मुलजिम को नहीं पकड़ा ? उन्होंने कहा कि आप ने किसी को नामजद ही नहीं किया है। फिर वे बोले कि मुझे फलां –फलां पर शक है। मिश्र जी ने कहा कि आप ने शक में भी नाम नहीं लिखाया । तो उन्होंने कहा कि आप उस व्यक्ति से पूछिए । मिश्र जी बोले कि चलिए मैं आप के कहने से उन्हें पकड़ लेता हूं और वह पकड़ लिया गया। उससे पूछा और उस के बाद छोड़ दिया। कैलाश प्रकाश जी आए और कहा कि आए ने तो छोड़ दिया । वह बोले, मैं क्या करता? उन्होंने कहा कि आप को उन से पूछताछ, इंटरोगेशन सख्ती से करना चाहिए था। तो टी.एन . मिश्र के शब्द थे, क्या मैं दूध – जलेबी खिलाकर पूछता । जब कैलाश प्रकाश जी ने कहा कि आप को उनसे डंडे लगाने चाहिए वर्फ की सिल्ली पर सुलाना चहिए, मिर्च आंखों में डालना चाहिए। तो टी.एन मिश्रा बोले कि पांच दिन पहले,

जिसने सरासर लड़की को बाजार में छेड़ा था उसमें जब डंडे लगाए थे तो तुम ही लोग मेरे खिलाफ डेमोनस्ट्रेशन करने आए थे कि थर्ड ग्रेड मेथड क्यों इस्तेमाल कर रहे हो इसलिए सबसे बड़ी बीमारी जो है वह नेता लोगा हैं। जब अपराधी अपराध करते हैं उससे पहले यह उसकी सिफारिश में बचाने के लिए पहुंच जाते हैं थाने में , पुलिस आफिसर के पास और उन पर थर्ड ग्रेड इस्तेमाल नहीं करने देते । तो कानून कुछ भी बना लीजिए, लेकिन क्या सजा हो पाएगी अपराधी को? कोई गवाह गवाही देने के लिए तैयार नहीं होगा, चाहे मामूली केस में जमानता न मिले लेकिन बड़े बड़े अपरधियों को न्यायपलिका से रोज जमानता मिलती है, उसको कहते हैं जमानत मिल जाएगी और थर्ड ग्रेड मैथड आप इस्तेमाल करोगे नही, हथकड़ी डालोगे नहीं, पिटाई करोगे नहीं, जमानता हो जाएगी तो कैसे अपराधों पर रोक लगाई जाएगी ? इस तरह तो कभी अपराधों में कमी नहीं आएगी ।

कुमारी सरोज खापर्डे : सर, मुझे एक मिनट बोलने की इजाजत मिलेगी?

उपसभाध्यक्ष(श्री सतीश अग्रवाल) : बोलिए ।

कुमारी सरोज खापर्डे : सर, गौतम जी ने बोलते बोलते कहा कि आपने अपने बिल में कहा है कि यह बेलेबल होना चाहिए , यह कहते हैं कि नौन –बेलेबल होना चाहिए । मुझे ऐसा लगता है कि शायद उन्होंने मेरा बिल पढ़ा नहीं है। मैंने अमेडमेंट दिया हुआ हैं पांचवें नंबर पर सेक्शन 8 में ।

श्री संध प्रिय गौतम : I Concede मैंने इस सेक्शन को पढ़ा नहीं था, आठवीं पढ़ा था । I have just gone through it.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SATISH AGARWAL): Please conclude.

SHRI SANGH PRIYA GAUTAM: Last sentence.

तो मैं आप सबसे प्रार्थना करूंगा , आप सब लोग सम्मनित सदस्य है, राष्ट्र भक्त है, मानवतावादी हैं, चिंता किसी को कम नहीं है, लेकिन व्यवहार मे और शब्दों में अंतर है। कृपा करके अपना व्यवहार बदल दीजिए । अगर व्यवहार बदल दें तो भारत का सुधार हो जाएगा । भारत आज भी संसार का सिरमोर बन सकता हैं। कोई कमी नहीं हैं इस देश में । नरियों का आज भी बड़ा भारी सम्मान है। आज भी गांव में बुगुर्ग यह कहते हैं , जब महिला के कोई मुंह लगे , तो कि क्यों स्त्री के मुंह लग

रहा है, क्यों बच्चे के मुंह लग रहा है। क्या भाव हैं इसका ? यनि महिला का सम्मान है। महिला के मुंह नहीं लगना चाहिए। सम्मान है उसका। अगर हम अपने व्यवहार को बदलें तो हमारी सरोज जी कि जो पीड़ा है कि हम यह नहीं होने देंगे , हम ऐसी फिल्म नहीं बनने देंगे, ऐसे गाने नहीं होने देंगे, ऐसी वेशभूषा नहीं पहनने देंगे और ऐसे पोस्टर नहीं चिपकने देंगे . ऐसी फिल्म नहीं देखेंगे , जैसा आपने जिक्र किया है ब्ल्यू फिल्म बगैरह का, उसका बहिष्कार करेंगे तो अपने आप सुधार हो जाएगा।

महोदय , आप यकीन नहीं करेंगे, मेरे घर में पिछले 30 साल तक टेलीविजन नहीं रहा और मैं अभी एक टेलीविजन लाया दो हजार रूपए का और वह भी समाचार सुनने के लिए । आप यकीन

करें मेरा, मैं विश्वास दिलाता हूं , ईमानदारी से कह रहा हूं इसके अलावा मैं टी.वी पर कुछ नहीं देखता। क्यों नही देखता? टी.वी. में कोई बात चरित्र निर्माण की नहीं होती। सब इस तरह की बिगाड़ की बातें हैं। टी.वी में फिल्म देखने , गाने सुनने , एडवटाइजमैंट देखने से न कोई मानवता जागी, न भारतीयता जागी, न चरित्र जागा और न ईमान ही जागा, सिर्फ बिगाड़ ही बिगाड़ हुआ है समाज का । मुझे तो समाचार सुनने हैं, तस्वीर देखे बिना भी सुने जा सकते हैं वायस , आवाज आनी चहिए कान , में , समाचार पढ़ने वाले की शक्ल दिखाई दे या न दें।

शहरी कार्य तथा रोजगार मंत्रालय और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री एस.एस. अहलुवालिया) : तो रोडियो से सुन लीजिए ।

श्री संघ प्रिय गौतम : मैं आपसे कह रहा हूं । आप मजाक उड़ रहे थे उस दिन वीणा जी के बिल पर और आल्वा जी चली गई थी । चीज कह रहे थे औरत को आप । आपका ओन रिकार्ड है यह और वाह प्रोटेस्ट करके चली गई थीं आपके खिलाफ , चीज कह रहे थे आप औरत को।

इसलिए मैं इन्ही शब्दों के साथ अपने सभी भाइयों, बहनों , सम्मनित सदस्यों से यह निवेदन करूंगा कि यह बहुत बड़ी चिंता का विषय है। महिलाओं का अपमान और उनके प्रति अपराधों में निरंतर वृद्धि हो रही है। इस पर रोक लगाना आवश्यक है। इसलिए मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं । यहां तक सरकार जो विधेयक लाने जा

रही है, उस विधेयक में महिलाओं का आरक्षण भी, महिला का सम्मान भी, इन सबको भी सत्रिहित करना चाहिए ।

बहुत बहुत धन्यवाद ।

श्री शारदा महन्ती (उड़ीसा) : उपसभाध्यक्ष महोदय , सरोज जी जो यह विधेयक लाई है,मैं उसका समर्थन करता हूं मगर एक बात उनको थोड़ा रिक्वेस्ट करता हूं कि वह जो विधेयक लाई है, उसमें सैक्शन 2 जी में लिखा है:-

> "(g) "publish" means to prepare, to print or to distribute to anyone for publishing in any book, newspaper, magazine or periodical."

तो मेरा कहना है कि उसमें सिनेमा भी जोड़ देना चाहिए क्योकि आजकल आप हर घर में देख रहे हैं कि ज्यादातर लोग न्यूज नहीं देखते है, "जी टी.वी या स्टार टी.वी देखते हैं। उनमें ज्यादातर नग्र चित्र आते हैं और उसको बच्चे भी देखते हैं। सबके घर में "जी टी.वी "या "स्टार टी.बी" देखेंगे लेकिन "डी .डी -1 या "डी .डी -2 नहीं देखेंगे, जहां न्यूज या दूसरी बातें आती हैं . उसको नहीं देखते हैं। इसलिए उसमें भी थोड़ा जोड़ा देना चहिए ।

दूसरी बात मैं कहना चाहता हूं कि जो इन्होंने सेक्शन 4 में लिखा है:-

> "(3) Whoever contravenes the provisions of section 3A shall be punishable with imprisonment which may extend to two years."

जब औरतें उस पिक्चर को उठाने के लिए कैंसेट नहीं देगी तो कैसे वे लोग उठाएंगे? उन लोगों को भी ज्यादा परिशमेंट देना चाहिए और 2 साल की जगह 5 साल होना चाहिए और इसके अलावा फाइन भी होना चाहिए, यह भी उसमें जोड़ना चहिए । इसलिए सैक्शन 4 को थोडा अमेंड करना चाहिए । यह जो नग्र चित्र दिखाते हैं , गौतम जी बोल रहे थे , जो मंदिर में दिखाते हैं, मंदिर में क्यों दिखाते हैं? क्योंकि उस तरफ आपका ध्यान नहीं रहेगा ,भगवान की तरफ ध्यान रहेगा । यह जो है उसके पीछे असल चीज़ है। अभी मैं मद्रास गया था, एक कमेटी के साथ गया था, और होटल में ठहरा था। वहां मैंने देखा कि उस होटल में ,फाइव स्टार होटल में नग्र चित्र साफ दिखाए जाते हैं । तो वे नग्र चित्र वहां भी रहते हैं, यह सब नहीं होना चाहिए। वहां पर भी फीमेल का नग्र चित्र नहीं रहना चाहिए यह मुझे कहना है

और यह जो सिनेमा में , हम जो बोले हैं ड्रेस पर, यह सब उठा देन चाहिए । भारतवर्ष का ड्रेस वह दिलाइए जो पहनाया जाता है, नग्न ड्रेस नहीं दिखाया जाना चहिए यही मुझे कहना है।

इन्ही शब्दों के साथ कुमारी सरोज खापर्डे जी का जो बिल आया है, उसका मैं पूर्णतः समर्थन करता हूं ।

DR. BIPLAB DASGUPTA (West Bengal): Sir, I rise to support this Bill which has been proposed by Miss Khaparde. I am having some difficulty largely because it was arranged for someone else from my party to support the Bill. So, I am a sort of replacement for somebody else and I am indecently exposing myself to this House without properly preparing on this.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SATISH AGARWAL): But indecency should not be within the prohibited limits of this Bill because the Bill has been styled as such. You know the words: "The Indecent Representation of Women *(Prohibition)* Amendment Bill, 1995". You should not come within the purview of this Bill.

DR. BIPLAB DASGUPTA: I won't. In any case, the Bill is a very important one because it is happening in such a big way in our country that there is a need to more this kind of a Bill and to put it as a subject for public discussion. Now, though here, of course, the emphasis has been on nudity, semi-nudity and all that, what I find on the television, where they may not be showing explicit nudity, is even worse. I have seen them on the Western television where they show full frontal nudity. I had been through all these for so many years in the West. But that is much less shocking than what is now shown in the Bombay cinema: The suggestions and all that are more titillating, more tempting and more erotic than what is shown more explicitly in the West. The point which I am making is, maybe, the scope of this Bill could be broadened to bring within its purview not only such exposures which you have mentioned here but also some of the things which may go on in the name of culture in Bombay cinema and all that. I mention this because this has a profound influence on our youth. In fact, there have been a number of cases in the past. In the last few months I have seen even in Calcutta youths are trying to emulate whatever they see in the films and what they emulate is dangerous and undermines the moral basis of our society. Take, for example, chasing women. In Calcutta I see the rich boys having cars start, at an early age, kerb-crawling, chasing girls. They have seen all these things on the television and in the films. They think it is quite respectable. This is something which we should really fight. Obviously some distinction has to be made. I think some redrafting has to be made in order to ensure that where the exposure is not indecent and commercially motivated, it is not brought within its purview. For example, human body has always been a subject-matter of art. Our Minister will agree with me that human body has always been a subject-matter of art at the highest level. Therefore, it is not simply human body as such, whether it is male body or female body. You could not make it punishable on that ground. Otherwise a lot of these things which are there in the renaissance art would have to be banished because they show human body, both male and famale. But that is not indecent because that is art. There one has to draw a line between what is decent and what is indecent and that has to be understood in a certain context, for example, what the motive behind it is. If the motive is commercial exploitation of the sexual feelings of the people then it becomes indecent, it becomes an exposoure. It it is an a medical book, obviously it is not indecent. So, in* this sense one has to make a distinction between indecent exposure and decent exposure which is

accepted by the society. Sometimes, it is used for art, medicine and health. That is one part of it. Another part is gross commercial exploitation of sex. Here I should say that one of the things, which is why I want it to be broadened, is the television advertisement. Is it a coincidence that in the hast year two of our young ladies had been adjudged as the best in the world in terms of beauty, one Miss World and the other Miss Universe? I am not saying that Indian women are not pretty. But is there something behind it? Two young Indian women get adjuged as the best in the same year. I think one has to go into the organisations which organise these shows. These shows are banned on the television in most of the European countries. But we showed it this year in our country. Why did you show it? What did they show? The people are viewing them as items of consumption. Still we are happy to watch those things and feel a sense of national glory that the two women have won the World Crown. Having won that World Crown or whatever it is, what is done with these ladies? They are bound by a contract for one full year and during that one year they advertise for a whole variety of commercial goods. That is precisely the objective for which they are made Miss World or Miss Universe or something like that.

4.00 P.M. See this advertising interest to promote a certain commodity with a pretty woman being associated with it, which may have nothing to do with the woman. For example, in many cases, with some automobiles on machines with which women are not supposed to be associated, they show a woman because it sells more. So, they are using the body of a woman to promote certain goods. That is precisely the objective with which the Miss World and (he Miss Universe contests are organised. That is something very shocking. For example, this year they had organised this contest in Namibia and one black American woman was crowned. The reason is very simple. They want new markets. With two Indian ladies last year they got a large chunk of the Indian market. This year they will have the African market. This is the way they proceed. The commercial objective is behind it. That is something which should be taken note of and certainly that should also be within the compass of this Bill. This is the way women are being used. I think it is very reprehensible.

I will make one or two points more. I understand that one member of the BJP is very prominent in producing obscene and vulgar films. He has a Television outlet through which he does it. I think the party has to take a decision on this. It is not a question of merely giving a lecture or deliberating here. If the parties are really so serious and if their members are indulging in such corrupt practices, then they should be thrown out of the party. If a party takes a moral posture on various issues like crimes, etc. then it should not remain silent. They were silent yesterday on the question of *hawala.* Similarly, on the issue of sexual exploitation of women they should not remain silent. If any member of that party is seen to be sexually exploiting women, then he should be thrown out of the party. Unfortunately, that has not been done. I think all the parties have to take a concentious decision on that. If anybody is found guilty of such an offence against women, against humanity or against civilization, he should be thrown out of the party. That person should have no place in public life. That kind of a position should be taken.

Lastly, it is all a question of our attitude towards women. It is not a matter of simple coincidence that in areas where you find that the largest number of crimes are committed against women, whether rapes, molestations or dowry deaths, these are also the areas where you will find that the largest number of crimes are committed against the Scheduled Castes and the scheduled Tribes where semi-feudal land relations dominate. These areas are Bihar and Madhya Pradesh which have the highest figures. Delhi also has a very high figure of woman-teasing and bride-burning. It is happening under the influence of television and all that. This should also be taken into account. The kind of role model which is being projected for women, should also be taken into account. We see woman as what? We see woman as a good housewife who should be devoting her energy for doing good for her husband. Her only mission is to make her husband happy. This is the kind of attitude towards women which is promoted. It is promoted by films, by television. The question which arises is this. Is this the kind of role model for women we want to promote in our country? Our country is going into the 21st century within a short period of time. I am saying this as a professor. I was a student in the Calcutta University. I was a student of economics. Economics was supposed to be a hard subject, a subject not fit for women. There were 108 students, out of which 100 were boys and 8 were girls. I still remember it. It happened so many years ago. These eight girls used to come with the teacher and used to leave with the teacher. They would never sit with us. The majority of the boys would keep looking at them from a distance. From time to time, long sighs would be let out by them. They might have been writing poems on them. But they never talked to them because that was not permitted in those days. Generally speaking, that was how things were when I was a student. Now, what do we see? After so many years, after almost 40 years, even in the so-called hard subjects like engineering, physics, nuclear physics, including economics, the number of women who are taking up these courses has gone up. It is more than half in the case of economics. Earlier, the general idea was that women should take up philosophy or Sanskrit and not take up the hard subjects. But this is no longer the case now. I was in Orissa recently. I was at a seminar in the Bubaneshwar University. I was really amazed to see that more than half of those present were women. Not only this, but they are the better ones. In Calcutta, in the last few years, I find that among the first 20 students, at least, 16 are women. They are the better ones and they are doing well in each and every subject. This is the case in most of the universities and this I found out from the Vice-Chancellors and senior teachers. In economics at least, which is my discipline, that is the general experience. Permitting such indecent exposure of women in the media is demeaning not only for women but also for men. We should project such a role for women which is not the role of a *Sati.* That role, we should reject. That is not the role we want. We want a role where women and men are adjudged equal. Women are fit to play any role which men can play. For example, very recently, while we are defeated in almost all the games that our men play, some of our women have always performed better. Some of our best athletes are women. We have received awards in competitions where our women haVe participated. Very recently, of all the sports, in weight lifting, our girls have won nine medals—three gold and six silver medals. This is the way in which things are changing. Our perception of women which is semi-feudal, which is out of date and which belongs to the

16th century needs to be changed. That attitude has to be completely written of and that is the kind of approach that we should adopt in this Bill. I congratulate the sponsor of the Bill for raising it here and it should be given all the support that it deserves. Ms. Saroj Khaparde particularly deserves our congratulations for moving the Bill. As it happens to be a Private Member's Bill, it will not be accepted in this form. But certainly with some modification, some revision and extension and so on, the Government can seriously consider bringing in a proper Bill so that all the abuse to which women are subjected to in our country, which is a matter of shame for us, is put to an end.

